FA	1

राज्य स्तरीय आकलन

सत्र 2019–20

सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा : पाँचवीं **विषय : हिन्दी**

PAPER CODE : 5011 **पूर्णांक : 10**

निर्देश – खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।

खण्ड – 'अ' (अंक 05)

LO – L-504 - विविध प्रकार की सामग्री (अखबार, बाल साहित्य, पोस्टर आदि) में आए संवेदनशील बिंदुओं पर (मौखिक/लिखित) अभिव्यक्ति करते हैं, जैसे-'ईदगाह कहानी पढ़ने के बाद बच्चा कहता है - मैं भी अपनी दादी की खाना बनाने में मदद करता हूँ।

गतिविधि 1. विज्ञापन बनाओ

कक्षा में शिक्षक किसी भी वस्तु को बेचने के लिए विज्ञापन तैयार करने को कहेंगे। जैसे – सब्जी वाला, फल विक्रेता, कपड़ो की दुकान इत्यादि। इसमें हाव–भाव के लिए–1 अंक, शब्द चयन–1 अंक, उच्चारण के लिए–1 अंक, वाक्य विन्यास पर–2 अंक देंगे।

गतिविधि 2. तुक मिलाओ कविता बताओ

बच्चों को संख्या के अनुसार समूह में बाँट दें। उन्हें शब्दों के एक बंडल को उठाने कहें/चुनने कहे। (शब्द बोर्ड पर लिखे भी जा सकते है या पर्चियाँ बना सकते हैं। जैसे – रैट, बैट, हैट

संभावित पंक्तियां – मिस्टर रैट, लगाके हैट चले खेलनें लेकर बैट। या तितली, भली, चली।

संभावित पंक्तियां – तितली रानी कहां चली लगती हमको भली भली, खूब संवर के आती है, सबका मन ललचाती है। या बंदर, ससुराल, मामा, पाजामा इत्यादि।

गतिविधि 3. क्या कहता है पोस्टर

किसी भी पोस्टर का चयन कर चयनित पोस्टर को शिक्षक बच्चों को ध्यानपूर्वक देखने को कहेंगे। उसके पश्चात सभी क्रमशः अपने विचार व सुझाव उक्त विषय पर देंगे। देखने के बाद उस पर 5 वाक्य कहने का निर्देश करें। उन्हें यथोचित समय प्रदान करें। उनका मनोबल बढ़ाये। यह मातृभाषा में भी कर सकता है।

खण्ड 'ब' **(अंक 05)**

LO – L-501 - सुनी अथवा पढ़ी रचनाओं (हास्य, साहसिक, सामाजिक आदि विषयों पर आधरित कहानी, कविता आदि) की विषय-वस्तु, घटनाओं, चित्रों और पात्रों, शीर्षक आदि के बारे में बातचीत करते हैं/ प्रश्न पूछते हैं/ अपनी स्वतंत्रा टिप्पणी देते हैं /अपनी बात के लिए तर्क देते हैं/ निष्कर्ष निकालते हैं।

गतिविधि 4. नाम अनुरूप परिचय बताएं

कक्षा के सभी छात्र अपने–अपने नाम को एक सफेद कागज में लिख कर जमा करेंगे। शिक्षक उन पर्चियों को मोड़कर एक बाऊल में डाल देंगे। अब बच्चे बारी–बारी से आकर पर्ची निकालेंगे। उसमें लिखे नाम के के व्यक्ति के रूप में अपना परिचय कम से कम 5 वाक्यों में देंगे। वे मातृभाषा का भी उपयोग कर सकते है।

भाषा–1 अंक, सही परिचय–2 अंक, वाक्य विन्यास–2 अंक।

गतिविधि 5. शब्दानुमान

यह गतिविधि दो बच्चों की जोड़ी बनाकर करें। प्रत्येक बच्चा अपने परिवेश से जुड़े शब्द को एक क्रम में बोलेगा जैसे पुस्तक, मेज, पेन, चाक, दूसरा बच्चा उसमें प्रयुक्त होने वाली मात्राओं का ध्यान भी रखेगा। बारह खड़ी के क्रम का ध्यान भी रखेगा। हर सही शब्द पर 1 अंक दीजिए। इसके लिए पूर्व तैयारी का निर्देश दे दें।

गतिविधि 6. चित्र देखो कहानी बताओ

इस गतिविधि में बच्चे चित्र को ध्यान से देखेंगे और उन्हे इस चित्र के आधार पर एक कहानी बनाने को कहा जायेगा। यह मातृभाषा में भी किया जा सकता है। चित्र को सिर्फ व्यक्त करने पर–3 अंक दीजिए। कहानी के रूप में कथन पर–5 अंक दीजिए।